**Regarding condition of roads in Dadra and Nagar Haveli**

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर **(**दादरा और नागर हवेली**) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में अपने क्षेत्र की समस्या रखने का अवसर दिया, मैं इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहती हूँ कि मेरे लोकसभा क्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। कई सड़कें वर्षों से निर्माणाधीन पड़ी हैं, जिनका कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। इन अधूरी और खराब सड़कों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएँ हो रही हैं। अब तक कई निर्दोष नवयुवकों और आम लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

महोदय, इन जर्जर और अधूरी सड़कों से उठने वाली धूल और मिट्टी के कारण क्षेत्र में वायु प्रदूषण भी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे छोटे बच्चों और वृद्धजनों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। प्रदूषण के कारण छोटे बच्चे और बुजुर्ग गंभीर रूप से बीमार हो रहे हैं। सड़कों की बदहाल स्थिति के कारण मिनटों की दूरी तय करने में घंटों का समय लग जाता है। बच्चों को स्कूल जाने में और कर्मचारियों को अपने कार्यालय पहुँचने में रोज़ देर हो रही है, जिससे उनकी पढ़ाई और कामकाज दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

अतः महोदय, मेरा आपसे आग्रह है कि संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए कि वे तुरंत इस देरी का कारण पता करें और शीघ्र अति शीघ्र सड़क निर्माण कार्य में गति लाएँ, ताकि मेरे क्षेत्र के लोग दुर्घटनाओं का शिकार न हों और उन्हें एक सुरक्षित परिवहन सुविधा मिल सके।

धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष**:** माननीय सदस्यगण, सदन में खड़े-खड़े कोई बात नहीं करेगा, सब बैठ जाइए। इधर भी कर रहे हैं। सब बंद कीजिए। कोई भी खड़े-खड़े बात न करें। सभी अपनी-अपनी सीटों पर बैठ जाएं।